# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
# मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल

दूरभाष एवं फैक्स नं0 0755–2674354 E-mail: pccfprod@mp.gov.in

क्रमांक/निर्वतन/185/21/ 2755 भोपाल, दिनांक 20/11/2020

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक
मध्य प्रदेश।

विषय :– वनोपज के घोष विक्रय की तिथि की सूचना।

—::0::—

मध्यप्रदेश वन विभाग के अन्तर्गत काष्ठागारों में वनोपज के नीलाम हेतु 01 जनवरी 2021 से 30 जून 2021 तक माहवार संलग्न प्रपत्र अनुसार नीलाम तिथियां स्वीकृत की जाती है।

2. जिन काष्ठागारों के लिये नीलाम तिथि स्वीकृत नहीं की गई है, उन काष्ठागारों के लिये संबंधित मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक अपने स्तर से नीलाम तिथि निर्धारित कर प्रस्ताव दो माह पूर्व विज्ञापन प्रकाशनार्थ इस कार्यालय को भेजे। प्रायः यह देखा गया है कि कतिपय वन मंडल/वन संरक्षक अपने स्तर से विज्ञापन प्रकाशन हेतु जन सम्पर्क कार्यालय को सीधे भेज देते है, इससे शासन का दोहरा व्यय होता है। कतिपय (क्षेत्रीय) वनमंडलों द्वारा छोटे डिपो में नीलाम की कार्यवाही की जाती है, जिसके लिए अनुमोदन इस कार्यालय से प्राप्त किया जाता है। ऐसे समस्त डिपो का भी आंकलन करने तथा भविष्य में उसकी सूचना पूर्व में देवे, ताकि उनका समावेश भी मुख्यालय से प्रकाशित किये जाने वाले विज्ञापनों में किया जा सके, जिससे इन नीलामों का भी व्यापक प्रचार–प्रसार हो सके।

3. स्पष्ट किया जाता है कि नीलाम की तिथियों की सूचना के प्रकाशन हेतु इस कार्यालय द्वारा जनसम्पर्क विभाग को जानकारी भेजी जाती है। अतः निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन तत्समय आवश्यक है, या किसी काष्ठागार हेतु विशेष परिस्थितियों में निर्धारित तिथि के अतिरिक्त कोई अन्य तिथि निर्धारित किया जाना प्रस्तावित हो, तो निर्धारित तिथि के 25 दिवस पूर्व इसकी सूचना इस कार्यालय को देना अनिवार्य होगा ।

4. यदि स्वीकृत नीलाम तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर नीलामी की कार्यवाही संपन्न की जावें।

5. काष्ठागार में नीलामी की प्रक्रिया प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ कर सूर्यास्त तक समाप्त कर दी जावे।

6. यदि लाटों की संख्या/वनोपज की मात्रा अधिक हो तो, अगले दिन भी नीलामी रखी जा सकती है।

7. सत्यंकार की राशि प्रातः नीलामी से 2 घंटे पूर्व जमा कराने की व्यवस्था की जा सकती है।

8. इमारती काष्ठ एवं बांस/बल्ली की नीलामी के पश्चात् जलाऊ चट्टों का नीलाम सम्पन्न होगा।

9. यदि संलग्न निर्धारित तिथि में कोई संशोधन प्रस्तावित हो तो अपना प्रस्ताव माह की 05 तारीख तक अनिवार्य रूप से भेजे, अन्यथा निर्धारित तिथियों पर ही नीलाम सम्पन्न होगा।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

( सी. के. पाटिल )
प्रधान मुख्य वन संरक्षक(उत्पादन)
म0प्र0 भोपाल

पृ. क्रमांक/निर्वतन/185/21/ 2756 भोपाल, दिनांक 20/11/2020

प्रतिलिपि :–

1. प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, भोपाल की ओर सहपत्र सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(सूचना एवं प्रौद्योगिकी) म0प्र0 भोपाल की ओर सहपत्र सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया काष्ठागारों में नीलाम हेतु स्वीकृत तिथियां विभागीय Website पर तत्काल दर्शाने का कष्ट करें।
3. समस्त वन मंडलाधिकारी, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

20-11-20

प्रधान मुख्य वन संरक्षक(उत्पादन)
म0प्र0 भोपाल

D/Mohbe/Nirvartan Vigyapan 2018.

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक(उत्पादन) सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश भोपाल,

**Telephone & Fax No.- (0755) 2674354, E-Mail- pccfprod@mp.gov.in**
**Web Site : www.forest.mp.gov.in**

## काष्ठ के घोष विक्रय की सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि म.प्र. वन विभाग के अंतर्गत 01 जनवरी 2021 से 30 जून 2021 की अवधि में काष्ठागारों में निम्नानुसार तिथियों को इमारती काष्ठ, बल्ली/डेंगरी, व्यापारिक बांस एवं अन्य सामग्री का घोष विक्रय किया जाना निर्धारित है:-

| वृत्त के नाम | वन मंडल | काष्ठागार | निर्धारित नीलाम तिथि | | | | | | ब.म.अ.कार्या. का दूरभाष क. | वनमंडलाधिकारी कार्यालय का ई-मेल पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | | |
| बैतूल | उत्पा. बैतूल | मौरा | - | 1 | - | 1 | - | 1 | 07141-234408 | dfopbetul@mp.gov.in |
| | | बैतूल डिपो | 1 | - | 1 | - | 1 | - | 07141-234408 | dfotnbetul@mp.gov.in |
| होशंगाबाद | होशंगाबाद (सा.) | ताकू | 4 | - | 3 | - | 3 | - | 07574-254178 | dfothosbad@mp.gov.in |
| | | सोहागपुर | - | 3 | - | 3 | - | 3 | | |
| | हरदा (उत्पा.) | टिमरनी | - | 4 | - | 5 | - | 4 | 07577-222025 | dfopharda@mp.gov.in |
| | | खिरकिया | 5 | - | 4 | - | 4 | - | | |
| खंडवा | खंडवा (उत्पा.) | खंडवा | 6 | - | 5 | - | 5 | - | 0733-2223221 | dfopkhndw@mp.gov.in |
| | | आशापुर | - | 5 | - | 6 | - | 5 | | |
| | | सनावद | 8 | - | 8 | - | 6 | - | | |
| इन्दौर | इन्दौर (सा.) | रालामंडल | - | 6 | - | 8 | - | 7 | 0731-2490239 | dfotindo@mp.gov.in |
| उज्जैन | देवास (उत्पा.) | चन्द्रकेशर | 9 | - | 9 | - | 7 | - | 07272-251364 | dfopdwas@mp.gov.in |
| भोपाल | सीहोर (सामा.) | सीहोर | 11 | - | 10 | - | 8 | - | 07562-222919 | dfopsehore@mp.gov.in |
| | | बुधनी | - | 8 | - | 9 | - | 8 | | |
| | विदिशा सामा. | कालापाठा | - | 9 | - | 10 | - | 9 | 07592-232967 | dfotvidisha@mp.gov.in |
| | रायसेन (उत्पा.) | गैरतपुर | 12 | - | 12 | - | 10 | - | 07482-222110 | dfopraisen@mp.gov.in |
| सागर | दक्षिण सागर | सिरोंजा | 13 | - | 13 | - | 11 | - | 07582-236215 | dfotssagar@mp.gov.in |
| छतरपुर | छतरपुर | छतरपुर | 15 | - | 15 | - | 12 | - | 07682-245316 | dfotchtpur@mp.gov.in |
| | टीकमगढ | ओरछा | 16 | - | 16 | - | 13 | - | 07683-245315 | dfotkmgar@mp.gov.in |
| | दक्षिण पन्ना सामा. | पन्ना | - | 10 | - | 12 | - | 10 | 07732-252016 | dfotspanna@mp.gov.in |
| सागर | दमोह (सा.) | तेन्दूखेड़ा | 18 | - | 17 | - | 15 | - | 07812-222541 | dfotdmoh@mp.gov.in |
| जबलपुर | जबलपुर (सा.) | गोसलपुर | - | 11 | - | 13 | - | 11 | 0761-2624195 | dfotjbp@mp.gov.in |
| | डिन्डोरी (उत्पा.) | गाडासरई | - | 12 | - | 15 | - | 14 | 07644-234312 | dfopddori@mp.gov.in |
| | | करजिया | 19 | - | 18 | - | 17 | - | | |
| | मंडला उत्पादन | कालपी | 21 | - | 22 | - | 19 | - | 07642-251014 | dfowpmand@mp.gov.in |
| | | मंडला | - | 15 | - | 17 | - | 16 | 07642-252449 | dfowpmand@mp.gov.in |
| | | सिझोरा | 23 | - | 24 | - | 21 | - | | |
| बालाघाट | उत्तर बालाघाट उत्पा. | बैहर | - | 17 | - | 19 | - | 18 | 07632-241518 | dfopnbghat@mp.gov.in |
| | | लामता | 22 | - | 19 | - | 18 | - | | |
| | दक्षिण बालाघाट उत्पा. | लांजी | 25 | - | 25 | - | 24 | - | 07632-241516 | dfopsbghat@mp.gov.in |
| | | गर्रा | - | 19 | - | 23 | - | 21 | | |
| सिवनी | सिवनी (उत्पा) | घूमा | 27 | - | 26 | - | 25 | - | 07692-220557 | dfopnseoni@mp.gov.in |
| | | सिवनी (बाम्हनदेही) | - | 22 | - | 24 | - | 22 | 07692-220554 | dfopssepni@mp.govt.in |
| | नरसिंहपुर सा. | मुगवानी | 28 | - | 27 | - | 27 | - | 07792-230624 | dfotnpur@mp.gov.in |
| छिंदवाडा | पश्चिम छिंदवाड़ा उत्पा. | आमला | 29 | - | 23 | - | 28 | - | 07162-243458 | dfopchwara@mp.gov.in |
| | | हर्रई | - | 23 | - | 26 | - | 25 | | |
| शहडोल | उमरिया (सा.) | उमरिया | 30 | - | 30 | - | 29 | - | 07653-222217 | dfotumaria@mp.gov.in |
| | उ. शहडोल (सा.) | ब्योहारी | - | 24 | - | 28 | - | 26 | 07652-245167 | dfotnshahd@mp.gov.in |
| | द. शहडोल (सा) | नरसरहा | 22 | - | 31 | - | 31 | - | 07652-240304 | dfotsshahd@mp.gov.in |
| रीवा | सीधी | जमोड़ी | - | 25 | - | 29 | - | 28 | 07822-252235 | dfot.sdh@mp.gov.in |
| | सिंगरोली (सा) | बरगवा | - | 26 | - | 30 | - | 29 | 07805-268606 | dfot.sgl@mp.gov.in |

1. नीलाम तिथि को नीलाम पूर्ण न होने पर शेष नीलाम अगले दिन किया जावेगा।
2. नीलामी में रखी जाने वाली वनोपज की मात्रा, प्रजाति व अन्य विवरण संबंधित काष्ठागार अधिकारी अथवा वनमंडल अधिकारी से कार्यालयीन समय में दूरभाष एवं ई-मेल से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम की कार्यवाही सूर्यास्त के बाद नही की जावेगी।
3. नीलामी की शर्तें मध्यप्रदेश शासन वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2343-2751-10-3-89 दिनांक 30.05.89 के अनुसार होगी।
4. इस कार्यालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि को आपके वनमंडल में यदि कोई स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो उसकी सूचना नीलाम तिथि के पहले माह की 20 तारीख से पूर्व इस कार्यालय को आवश्यक रूप से दी जावे।
5. इस विज्ञापन को **www.forest.mp.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

20/11/20

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
मध्यप्रदेश, भोपाल

तन मन धन, सबसे ऊपर वन